वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांकः 1920 /वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0विवि0/2024 दिनांकः 07 / 09/2024

सेवा में,

निदेशक
सम्बद्ध समस्त निजी संस्थान,
समस्त परिसर संस्थान/स्वायत्तशासी सम्बद्ध संस्थान,
वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय।

विषयः सत्र 2024–25 हेतु संस्था स्तरीय काउंसिलिंग तथा पंजीकरण पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या 1738/वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0/2022 दिनांक 23.08.2024 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करे। इस पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 में B.TECH, BHMCT, BALLB, BBALLB, BCA, LLB, M.TECH, MBA, MCA, MHM, LLM, PG DIPLOMA IN CYBER SECURITY पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष तथा B.TECH, B.PHARM. पाठ्यक्रमों में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु क्रमशः सामान्य काउंसिलिंग, स्पॉट काउंसिलिंग के तीन-तीन चरणों के उपरांत संस्थानों में सीटें रिक्त रहने की दशा में दिनांक 27.08.2024 से 31.08.2024 तक संस्था स्तरीय काउंसिलिंग के आयोजन किये जाने की अपेक्षा की गई थी।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 31.08.2024 तक आयोजित सामान्य काउंसिलिंग / स्पॉट काउंसिलिंग/संस्था स्तरीय काउंसिलिंग के सभी चरणों की काउंसिलिंग के उपरांत भी संस्थानों में सीटें रिक्त रहने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 07.09.2024 को सम्पन्न प्रवेश समिति की बैठक में संस्थाओं के अध्यक्षों के साथ दिनांक 06.09.2024 को सम्पन्न बैठक में किये गये अनुरोध के क्रम में निर्णय लिया गया कि संस्थानों को पुनः संस्था स्तरीय काउंसिलिंग आयोजित कराये जाने का एक विशेष अंतिम अवसर दिया जाये। प्रवेश समिति के निर्णय के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा संस्थानों को 13 सितम्बर 2024 से 15 सितम्बर 2024 तक पूर्व में आयोजित संस्था स्तरीय काउंसिलिंग की भांति ऑफलाइन मोड के माध्यम से काउंसिलिंग आयोजित कराये जाने की अनुमति दी जाती है। काउंसिलिंग के आयोजन हेतु निर्धारित दिशा निर्देश / शर्ते आपको शीघ्र उपलब्ध कराये जायेगे। समस्त संस्थानों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि नव- प्रवेशित छात्रों के प्रवेश तथा पंजीकरण का शुल्क रु 3800/- (रु 2000 Counsiling Fees + रु1500 Enrollment Fees + रु 300 Registration Fees) प्रति छात्र की दर से विश्वविद्यालय पोर्टल पर पंजीकरण के समय जमा किया जायेगा। नव- प्रवेशित छात्रों का पाठ्यक्रमों तथा संस्थानों द्वारा Extra Classes के संचालन के माध्यम से पूर्ण कराया जायेगा तथा शैक्षणिक कैलेंडर का अनुपालन अक्षरशः सुनिशचित किया जायेगा।

भवदीय

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01 निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0, देहरादून, के सूचनार्थ प्रेषित।
02 निजी सचिव सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के सूचनार्थ प्रेषित।
03 वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0,देहरादून ।
04 परीक्षा नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0,देहरादून ।
05 बेवमास्टर को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने हेतु।
06 कार्यालय प्रति।

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव